<u>लोक सभा</u>

अतारांकित प्रश्न संख्या 1774

02 मार्च, 2020 को उत्तर के लिए

मैंगनीज ओर इंडिया लिमिटेड

1774. श्री कृपाल बालाजी तुमानेः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या मैंगनीज और इंडिया लिमिटेड (एमओआईएल) कंपनी खनन में लगी हुई है और यदि हां, तो 2014 से अब तक एमओआईएल द्वारा कितनी मात्रा में अयस्क का खनन किया गया है;

(ख) 2014 से अब तक एमओआईएल द्वारा खनन किए गए अयस्क का मूल्य कितना है और इस खनन कार्य पर कुल कितनी लागत आई है; और

(ग) 2014 से अब तक गैर-सरकारी और सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों और एमओआईएल द्वारा अयस्क की खुदाई की खनन लागत का तुलनात्मक विश्लेषण क्या है?

<u>उत्तर</u>

इस्पात मंत्री **(श्री धर्मेंद्र प्रधान)**

(क) और (ख): जी हाँ, मैंगनीज ओर इंडिया लिमिटेड (मॉयल) खनन के कार्य में लगी हुई है। वर्ष 2014 से खनन किए गए अयस्क की मात्रा, कारोबार और व्यय नीचे तालिका-1 में दिया गया है।

तालिका-1

वर्ष-वार उत्पादन, कारोबार और व्यय

क्र. सं.	**वर्ष**	**उत्पादन (मैंगनीज अयस्क) (मीट्रिक टन)**	**कारोबार (मैंगनीज अयस्क) (करोड़ रुपये में)**	**व्यय (मैंगनीज अयस्क) (करोड़ रुपये में)**
1	2014-15	1139156	749.55	442.48
2	2015-16	1032275	571.79	542.06
3	2016-17	1004845	905.34	676.68
4	2017-18	1201113	1210.78	788.09
5	2018-19	1301191	1320.86	826.91

स्रोत: मॉयल लिमिटेड

(ग): मंत्रालय में ऐसी कोई जानकारी नहीं रखी जाती है।

****